







# स्वतंत्रता दिवस पर आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यमंत्री राधा सिंह ने ध्वजारोहण करके ली परेड की सलामी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 16 अगस्त। देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस सिंगरौली जिले में हर्षोंल्लास से मनाया गया। जिले में आन-बान-शान से तिरंगा लहराया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडिम बैढ़न में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास राधा सिंह ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली।**

राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में आयोजित समारोह में सशस्त्र बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। समारोह में विशेष शस्त्र बल जिला पुलिस बल ने बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। समारोह में इसके बाद मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहारियों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास



योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद राज्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैलियाँ निकाली गई। समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन समूह को मनमुग्ध किया। इस दौरान चूनकुमारी स्टेडियम खचाखच भरा रहा। जहां विद्यालयों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति को देखते हुये दर्शकदिर्घा में बैठे लोगों ने नन्हे-मुन्हे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते दिखाई दिये। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम सेंट जोसेफ विद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया तथा जब जीरो दिया मेरे भारत ने कि प्रस्तुति देकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय कन्या परिसर के विद्यार्थियों ने झण्डो भारत माता शान रे देखो आन छे की आकर्षक प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समारोह का समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर श्री शुक्ला की धर्म पत्नी रचना शुक्ला, एसपी मनीष खत्री व उनकी धर्मपत्नी लीना खत्री, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, पूर्व विधायक सुभाष बर्मा, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष नरेश शाह, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर मइकेल तिर्की, नंदन तिवारी, देवेन्द्र द्विवेदी, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी, आम जन, पत्रकार साथी विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

### परेड में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को मिला प्रथम स्थान

मुख्य समारोह में परेड कमान्डर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशनी कुर्मी एवं परेड टू आईसी सुबेदार अशीष तिवारी के अगुवाई में शानदार परेड निकाली गई। जिसमें परेड सीनियर में उप निरीक्षक नकुल त्यागी के नेतृत्व में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पहला स्थान प्राप्त किया। सहायक उपनिरीक्षक कालिका कोल के नेतृत्व के आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर विशेष सशस्त्र बल ने दूसरा तथा उप निरीक्षक के शिवम सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला पुलिस बल ने तीसरा प्राप्त किया। परेड जूनियर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न पहला स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान इण्डियन चिल्ड्रेल एकेडमी स्कूल बैढ़न तथा तीसरा स्थान शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के दल को प्राप्त हुआ।

### कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले शहीद वीर सपूतो के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर में हासिल उपलब्धियों के संबंध में अवगत कराते हुये देश एवं प्रदेश के विकास के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, नंदन तिवारी, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, उद्यानिकी अधिकारी एचएल निमोरिया, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# वीरों के बलिदान व त्याग से मिली है आजादी, हर व्यक्ति को इसका मोल समझना चाहिए : रानी

## नगर निगम कार्यालय में महापौर ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अगस्त। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय परिसर में महापौर रानी अग्रवाल ने निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, ननि प्रभारी आयुक्त आरपी बैस सहित पार्षदों और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया।**

इस अवसर पर नगर वासियों, अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महापौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सबको देश और समाज के प्रति कर्तव्यों तथा संविधान के प्रति निष्ठा की याद दिलाता है। महापौर ने कहा कि कि वीरों के बलिदान और त्याग से हमें आजादी मिली है। हर व्यक्ति को इसका मोल समझना चाहिए। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए तथा बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। नगर निगम अध्यक्ष ने नगरवासियों तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज का दिन देश की आजादी के लिये कुर्बानी देने वाले शहीदों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय-अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील होकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों को हर जरूरतमंद तक पहुंचायें। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना एक पल गवाये राष्ट्र सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उसी प्रकार हम सब मिलकर नगर के विकास के लिए कार्य करें। हमारा नगर निगम नगर अन्य महानगरों की तरह आगे बढ़े ऐसा संकल्प लेकर हमे कार्य करना है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे नगर वासियों के दिलो में राष्ट्र के प्रति समर्पण कि भावना जागृति हो रही है। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को महापौर व ननि अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेयर इंन काउसिल की सदस्य श्यामला देवी, खुर्शीद आलम, रामनरेश शाह, संतोष शाह, अनिल बैस, नगर निगम के सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, दिनेश तिवारी, प्रवीण गोस्वामी, डीके सिंह, एसएन द्विवेदी, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी, उपयंत्री विपिन तिवारी, अनुज सिंह, राकेश शर्मा सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मायाराम महावि. ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अगस्त। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्व. बैस मायाराम शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष बद्री नारायण एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद राज बहादुर पनिका विशिष्ट अतिथि के रूप मैं मौजूद रहे।**




अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया एवं सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ध्वजारोहण के पश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत समूह गान, एकल नृत्य, एकल गान, भाषण प्रस्तुत किया गया। वही अंत में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ भारती की सेवा पर समर्पित तीनों सेनाओं के शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए और आज भी उन सबके वजह से सुरक्षित हैं एवं शिक्षा के स्तर को और बेहतर करना चाहिए उन्होंने सभी स्टाफ को शिक्षा को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया और पुरस्कार के रूप में राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर प्रवेश प्रभारी विक्रांत सिंह सहित शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में हर्षोल्लास के साथ मना 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

## समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कर्मचारियों को अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने किया पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 16 अगस्त। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, शक्तिनगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया।**

समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना के कार्यकारी निदेशक संदीप नायक ने ध्वजारोहण किया एवं सीआईएसएफ के जवानों, स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि




द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया, इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पर्व की महत्ता को रेखांकित किया गया एवं एनटीपीसी की उपलब्धियों से सभी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। इसके पश्चात क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें समूह नृत्य की मनमोहक झलकियाँ देखने को मिलीं। प्रतिभागी विद्यालयों में बाल भवन, संत जोसेफ विद्यालय, अंबेडकर विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, विवेकानंद वरिष्ठ व प्राथमिक विद्यालय एवं शासकीय इंटर कॉलेज शामिल रहे। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कर्मचारियों को अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिनमें पावर एक्सेल अवार्ड, एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर, डिपार्टमेंटल एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर, मानवीयता पुरस्कार, हेल्थ चैंपियन अवॉर्ड, एचओपी मेरिटोरियस अवॉर्ड, बीई विभाग पुरस्कार तथा उत्कृष्ट विद्यार्थी पुरस्कार शामिल रहे। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा संजीवनी चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किया गया। इसके साथ एनटीपीसी सिंगरौली प्लांट सेवा भवन पार्क, प्रशासनिक भवन, बाल भवन, टाइनी टोट्स स्कूल, सीआईएसएफ यूनिट ऑफिस एवं संजीवनी चिकित्सालय में भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराया गया।

# वित्तीय वर्ष में 8555 .67 एमयू विद्युत उत्पादन में सभी स्टेशनों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है : अनिल

## एनटीपीसी रिहंद में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**रिहंदनगर 16 अगस्त। एनटीपीसी रिहंद परियोजना में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह सोन-शक्ति स्टेडियम में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। इससे पूर्व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अपने सम्बोधन में श्री श्रीवास्तव ने



सभी को शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14 अगस्त तक 8555.67 एमयू विद्युत उत्पादन कर एनटीपीसी के सभी स्टेशनों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने महिला स्वावलंबन, स्वरोजगार प्रशिक्षण और सामुदायिक विकास में रिहंद की सक्रिय भूमिका पर भी बल दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वर्तिका महिला मण्डल, वेलफेयर विंग उड़ान, बाल भवन एवं विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण में पावर एक्सल अवॉर्ड, इंप्लाई ऑफ द ईयर, मानवीयता पुरस्कार तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समापन पर केंद्रीय विद्यालय को बेस्ट प्लाटून और सेंट जोसेफ स्कूल को श्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सम्मान दिया गया। इसी क्रम में सक्षम लोगों को कृत्रिम अंग एवं तिपहिया साइकिल वितरित किए गए।

# तीन वाहनों से 76 हजार आरटीओ ने जुर्माना वसूला

**सिंगरौली 16 अगस्त ( एनबीएन )।** आरटीओ विक्रम सिंह राठौर के निर्देश पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा पिछले दिनों निगाही में चेकिंग के दौरान 30 वाहनों को पकड़ा गया था। जो बिना दस्तावेज के चल रहे थे। जिन्हें नवानगर थाने में जप्त कराया गया था। वही तीन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुये 76 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया था।



# इस पहल से बच्चों के भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन आएगा : प्रणव

नवभारत न्यूज

**देवसर 16 अगस्त। शासकीय मॉडल विद्यालय जियावन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक रहें।**

इस दौरान श्री पाठक ने शिक्षकों से मुलाकात कर छात्र-छात्राओं में शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में प्रतिस्पर्धात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कहा की सरकार की यह पहल बच्चों की शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



नि:शुल्क साइकिल वितरण से बच्चों का स्कूल आना-जाना आसान होगा। इस पहल से निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। वही सभी छात्रों को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मॉडल विद्यालय जियावन के प्राचार्य शिवराम दास गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, अभिषेक कुमार शशिकांत पाण्डेय, विजय बहादुर, संदीप तिवारी, अमित पाठक सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




# केंद्रीय विद्यालय डब्ल्यूएस जयंत में मना स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अगस्त।** केंद्रीय विद्यालय डब्ल्यूएस जयंत में समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सीडब्ल्यूएस जयंत व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद मूर्ति ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। वहीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: खो-खो बालिका वर्ग में रोशनी यादव, साक्षी एवं अन्नु तथा कबड्डी बालक वर्ग में आदित्य कुशवाहा व सुमित कुमार गुप्ता को मुख्य अतिथि के कार्यक्रमों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश कुमार यादव व ऋषिका राठी ने किया।

# सामुदायिक सशक्तिकरण, हरित प्रेषण व सतत खनन के साथ राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध एनसीएल : साईराम

## एनसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस, विकसित भारत की विकास यात्रा में कोयला क्षेत्र मजबूत स्तम्भ रहा है

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अगस्त। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल के मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में सीएमडी, एनसीएल बी साईराम ने ध्वजारोहण किया एवं सभी कर्मियों एवं हितग्राहियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण किया व कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। अपने उद्बोधन में सीएमडी, एनसीएल बी साईराम ने कहा कि विकसित भारत की विकास यात्रा में कोयला क्षेत्र मजबूत स्तम्भ रहा है एवं एनसीएल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के आलोक में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सतत खनन, पर्यावरणीय दायित्व एवं सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एनसीएल द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। अपने उद्बोधन



में श्री साईराम ने सिंगरौली परिक्षेत्र की स्वास्थ्य बेहतरी की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करते हुए केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली और अटल चिकित्सालय, बीना में अमृत फार्मेसी की शुरुआत के साथ एनसीएल सीएसआर पहल चरक तथा अभिनव सीएसआर प्रकल्प नन्हा-सा-दिल-एनसीएल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। केंद्रीय स्तरीय इस कार्यक्रम में एनसीएल से निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार, निदेशक रजनीश नारायण, सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्यगण, सीएमएस अजय कुमार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन मौजूद रहे।

### केंद्रीय कार्यक्रम में बच्चों ने दीं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनसीएल द्वारा आयोजित केंद्रीय समारोह में विद्यालयीन बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। केंद्रीय कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीएल विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट सुरक्षा कर्मियो, शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने वाले व परेड का संचालन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में भी 79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।